हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024



11 मुख्यमंत्री आवास के घेराव में गरियाबंद जिले के सैकड़ों...





12 गुरु घासीदास ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने ...














## ज्ञान व प्रतिबद्धताएं राष्ट्र की प्रगति का आधार बनें : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शिक्षा समाज का आधार है इसलिए हमारा ज्ञान एवं प्रतिबद्धताएं केवल व्यक्तिगत निष्ठा एवं लाभ तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी हमारा कर्तव्य है कि हमारे कार्यों से समाज लाभान्वित हो। ये बातें आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने कही। गौरतलब है कि आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) गरियाबंद का द्वितीय दीक्षांत समारोह मंगलवार को 2 बजे संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मौजूद रहे। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आगे कहा कि आज की परिस्थितियों में सामाजिक दायित्वबोध की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें शिक्षा, संचार एवं तकनीक को सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल में रहने वाले लोगों तक पहुंचना होगा। इसके बगैर शिक्षा एवं समाज कल्याण के लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता। मुझे खुशी है कि आईएसबीएम विश्वविद्यालय जैसे निजी संस्थान भी इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस सिलसिले में कुलपतियों के साथ संवाद करता रहता हूं। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल ने दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल




### 250 विद्यार्थियों को पदक और डिग्री दी गई

इस अवसर पर कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने कहा कि सात संकाय के साथ यह विश्वविद्यालय कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आईएसबीएम विश्वविद्यालय के इस दीक्षान्त समारोह में लगभग 250 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने विद्यावाचस्पति उपाधि देने के लिए नाम की घोषणा की तथा स्वर्ण पदक उपाधि धारकों के नाम की घोषणा मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ.



तनवीर अलाम अंसारी ने किया। स्नातकोत्तर, स्नातक एवं पत्रोपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को उपाधि देने के घोषणा शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने की। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने किया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम वर्मा एवं डॉ दिवाकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी गरियाबंद के साथ विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति बनी रही।

## रेत का अवैध परिवहन करते 4 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, भण्डार एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमला द्वारा 23 दिसंबर रात्रि में 4 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते जब्त किया गया। रात्रि में फिंगेश्वर सूखानदी रेत खदान से 2 हाइवा को जप्त किया गया। हाईवा कमांक सीजी 04 एनके 5588 चालक लाला यादव निवासी रकरी जिला रीवा मालिक चंद्र कमल सिंघानिया निवासी टाटीबंध रायपुर को फिगेश्वर रेत खदान से जप्त कर थाना फिगेश्वर की अभिरक्षा में रखा गया है। फिगेश्वर रेत खदान से हाईवा सीजी 04 एनएच 0425 चालक श्री दीपक निषाद निवासी दुलना एवं वाहन मालिक विनोद कुमार साहू निवासी दुलना जिला रायपुर को जप्त कर राजिम पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। सिंधौरी चौबेंबांधा रेत खदान से 02 हाईवा ▶▶| शेष पेज 10 पर





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# सरकारी स्कूलों के कारनामे...भर दिए अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म, माशिम ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

दसवीं-बारहवीं परीक्षाओं की तैयारी में जुटे माध्यमिक शिक्षा मंडल के पास एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं कि अधिकारी-कर्मचारी भी अपना सिर पकड़कर बैठ जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में विद्यालय स्तर पर लापरवाही बरती गई है। बड़ी संख्या में ऐसे छात्रों के आवेदन माशिम को प्राप्त हुए हैं, जो दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता ही नहीं रखते हैं। नियमतः दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने के लिए छात्रों का लगातार उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। नवमी या ग्यारहवीं कक्षा दो अथवा उससे अधिक प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले छात्र अगली कक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में शामिल होने पात्र नहीं होते हैं। स्कूलों ने इन विद्यार्थियों को ना केवल नियमित छात्र के रूप में प्रवेश दिया, बल्कि उनका परीक्षा फॉर्म भी रेगुलर स्टूडेंट के रूप में भर दिया। माशिम को फॉर्म की स्क्रूटनी के दौरान अब तक ऐसे लगभग 70 मामले मिले हैं। इनमें से 90 फीसदी शासकीय विद्यालयों के हैं। माशिम ने इन सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है।

## नवमी और दसवीं कक्षा के मध्य नहीं होना चाहिए गैप, नियमित रूप से उत्तीर्ण होना आवश्यक

### छात्रों का साल बचाने की कोशिश

अब माशिम द्वारा इन स्कूलों को खत लिखा जाएगा। उनसे बच्चों की इच्छा पूछी जाएगी। यदि विद्यार्थी प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की इच्छा रखते हैं तो उनके आवेदन को नियमित छात्र के कैटेगरी से हटाकर स्वाध्यायी छात्र के कैटेगरी में डाला जाएगा। यदि विद्यार्थी इसके लिए सहमति नहीं देते हैं, तो उनके आवेदन को निरस्त माना जाएगा। स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की सहमति देने वाले विद्यार्थियों से फीस की अंतर राशि ली जाएगी।



लगभग 70 ऐसे मामले, जिसमें छात्रों ने कई वर्ष पहले दिलाई थी नवमी की परीक्षा

### इसलिए भी लापरवाही

*यह पहला वर्ष नहीं है जब इस तरह के मामले माशिम के सामने आए हो। बीते वर्षों में भी अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म सब्मिट किए जाने संबंधित मामले आते रहे हैं। माशिम द्वारा अथवा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही वजह है कि सामान्य नियमों की भी अनदेखी हो रही है और छात्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दसवीं में इस बार 3 लाख 23 हजार नियमित तथा लगभग 8 हजार प्रावइेट परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार नियमित और 7 हजार स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप



### विज्ञान मेला में पहुंचे एसडीएम ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया

**मैनपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में मंगलवार को कला एवं विज्ञान मेला का आयोजन रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवभोग ब्लॉक के अनुविभागीय अधिकारी तुलसीराम मरकाम, विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन बघेल, प्रकाश पात्र, प्राचार्या सुमिता सिंह एवं अभिभावकगण थे सभी अतिथियों का विद्यालय की ओर से स्वागत किया गया है। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभी विषयों के प्रोजेक्ट मॉडल को देखे। बच्चों द्वारा अच्छे तरीके से अपने -अपने मॉडल की व्याख्या किए कला और विज्ञान मेला में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और कला विषय से विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बच्चें बनाकर लाए थे। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण और अभिभावकों द्वारा प्रशंसा की गई। इन विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षक रीना साहू ने इस कोर्स में बेकरी के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पादों को बनाने तक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों की मेहनत और लगन की प्रशंसा की। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने कहा कि यह फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सनील जांडे, हेमा मनिकपुरी, अजय चौधरी, संदीप पांडा, अभिषेक पांडा, रेणुका वर्मा, प्रकाश चंद कुर्रे, प्रियंका पटेल और भुनेश्वरी साहू शामिल हुए।

### युवा संवाद कार्यक्रम 29 को

**रायपुर।** गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को युवा संवाद 2024 का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे समाज के युवा और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल कर समाज की दशा और दिशा बदलना है।

## छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवारों की 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा फंसी राशि

# सहारा में छत्तीसगढ़ से 15 हजार करोड़ डूबे निवेशकों को अब तक रिफंड मिले 39 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक निवेश करने वाले छोटे निवेशकों को ही रिफंड किया जा रहा है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इन आवेदनों पर छत्तीसगढ़ में अभी तक 30 हजार से ज्यादा निवेशकों को 39 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई हैं, जबकि प्रदेश में करीब 25 लाख परिवारों से 15 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा की राशि जमा कराई थी। इस तरह निवेशकों को पोर्टल के माध्यम से राशि लौटाई तो जा रही है, लेकिन यह डूबी राशि का एक प्रतिशत भी नहीं है। प्रदेश में रिफंड की गई राशि में सबसे ज्यादा करीब 7 करोड़ रुपए दुर्ग जिले के निवेशकों को दी गई है। इसके अलावा बिलासपुर, गरियाबंद, रायपुर, मुंगेली, भाटापारा-बलौदाबाजार, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा सहित अन्य कई जिलों में भी 50 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक राशि वापस लौटाई गई है।

### दो लाख से ज्यादा आवेदन

सहारा इंडिया के एजेंटों के अनुसार, प्रदेशभर से दो लाख से ज्यादा लोगों ने 10 से 50 हजार रुपए रिफंड पाने के लिए आवेदन किए हैं, जिनमें से 30 से 35 हजार के करीब निवेशकों को रिफंड की राशि मिली है।

### 10 हजार से 50 हजार तक लौटाई जा रही राशि





### सभी जिले में सहारा के दफ्तर नहीं इसलिए आवेदन करने में कठिनाई

सहारा इंडिया के सभी जिलों में दफ्तर अब तक खुल नहीं पाए हैं, जिसके कारण इसमें डूबी राशि को वापस पाने के लिए निवेशकों को भी ऑनलाइन आवेदन करने में कई तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल के नियम के तहत जिन निवेशकों के पैसे डूबे हैं, उन्हें जमा की राशि के दस्तावेजों के साथ सहारा इंडिया कार्यालय का सील-हस्ताक्षर भी कराना अनिवार्य किया है। प्रदेशभर में पहले सहारा इंडिया के 132 कार्यालय खोले गए थे। इस तरह प्रत्येक जिले में दो या उससे अधिक कार्यालय खुले हुए थे, लेकिन बंद होने के बाद अब प्रमुख जिलों में ही कार्यालय खुले हुए हैं। इसके कारण जिन जिलों में कार्यालय नहीं खुले हैं, वहां के निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सहारा ने सीआरसीएस को दिया अपूर्ण डाटा, इसलिए मिल नहीं पा रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट किया जा रहा है। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन ने डेटा को बदल दिया गया है, जिसके कारण आवेदन करने के बाद भी कई निवेशकों को उनके जमा पैसे मिल नहीं पा रहे हैं।

### दुर्ग के निवेशकों को सबसे ज्यादा रिफंड

प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले के निवेशकों को 7 करोड़ रुपए के करीब रिफंड मिला है। इस प्रकार दूसरे नंबर पर बिलासपुर, गरियाबंद व रायपुर जिले में भी 5 से 4 करोड़ रुपए रिफंड किए गए हैं। इसके अलावा मुंगेली, धमतरी, रायगढ़, महासमुंद, भाटापारा-बलौदाबाजार, राजनांदगांव, अंबिकापुर सहित अन्य जिलों में भी 50 लाख से लेकर 2 करोड़ रुपए तक राशि बांटी गई है।

### देशभर से 13 करोड़ निवेशकों के डूबे पैसे

देशभर से 13 करोड़ निवेशकों ने सहारा इंडिया के 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में अपने पैसे निवेश किए हैं। ये जमा पैसे सेंट्रल रजिस्ट्रार दिल्ली के सहारा इंडिया पोर्टल में मिले आवेदनों के अनुसार निवेशकों को उनके खातों में सीधे ट्रांसफर कर लौटाए जा रहे हैं। निवेशकों को राशि लौटाने के लिए सहारा इंडिया और सेबी की जमा 25 हजार करोड़ रुपए की गारंटी राशि से 5 हजार करोड़ रुपए सीआरसीएस को दिए हैं। सूत्रों के सीआरसीएस इसमें से 50 प्रतिशत राशि भी निवेशकों को लौटा नहीं पाया है।

### ...इसलिए रिफंड में दिक्कत

ऑनलाइन आवेदनों में दस्तावेजों के साथ सहारा दफ्तर का सील-हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है, इसलिए निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। 5 हजार करोड़ में आधी राशि भी निवेशकों को लौटाई नहीं गई है। प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपए डूबी राशि में से अभी तक करीब 39 करोड़ रुपए ही लौटाए गए हैं।

- **विनय सिंह राजपूत,** प्रदेश अध्यक्ष, सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ

## आज होगी देवी देवताओं की पूजा, मड़ई कल



**रसेला।** ग्राम रसेला में बुधवार को गांव के सभी देवी देवताओं को चंडी में लाकर रात में विधिवत पूजा अर्चना कर गुरुवार को मड़ाई मेला का शुभारंभ होगा। यह मडई मेला 26 और 27 तारीख यानी दो दिवसीय आयोजन किया जाएगा। साल 2024 के अंतिम में मडई मेला का आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व आज शाम 4 बजे देवी देवताओं की पूजा अर्चना व रात्रि जागरण कर मडई का शुभारंभ होगा। मडई मैदान में झूला, छोटा भीम झूला, डिस्को झूला, ड्रायगन, रैचुली सहित आदि झूला लगाने की तैयारियां चल रही है, साथ ही मिठाई, कपड़ा, जनरल, होटल, सोना चांदी, चूता चप्पल, गुपचुप सहित मडई मेला में लगने वाले सभी दूकान वाले अपने अपने जगह आरक्षित कर रहे हैं। गुरुवार को दोपहर गांव और बहार से आमंत्रित देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकालकर डांग डोली देवी देवताओं ने मडई बिहाई कर लोग आशीर्वाद लेंगे, क्षेत्र की सुख शांति के लिए देवी देवताओं से कामना करेंगे। बाहर से आए देवी देवताओं को पान सुपारी भेंटकर विदाई दी जाएगी। आयोजन को लेकर ग्रामीण अंचल सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचने की उम्मीद है। इस आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समिति गठित किया गया है, जिसमें अध्यक्ष सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपाध्यक्ष उपसरपंच परमेश्वर यादव, संरक्षक ग्राम पटेल लोकराम यादव, दूखूराम यादव, कमलेश्वर नायक, भावसिह मरकाम, धनीराम यादव, नंदूदास मानिकपुर, देवलाल बारिक, संतराम नेताम, वेदव्यास निषाद, रामायण ठाकुर, सगुन दास सहित सभी ग्राम प्रमुख और समस्त ग्रामवासी देख रेख के लिए समिति बनाया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जागृति नवयुवक मंडल के सभी सदस्यगण तन मन धन से जुटे हुए हैं।

## हरिभूमि निष्पक्षता के साथ सभी खबरों का करती है प्रकाशन : मिश्रा









हरिभूमि कैलेंडर का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

क्षेत्र के लोकप्रिय एवं सर्वाधिक प्रसार संख्या, जन -जन तक खबर पहुंचाने वाले हरिभूमि अखबार 2025 का कैलेंडर विमोचन किया गया। कैलेंडर में व्यापारिक संस्थान एवं जनपद प्रतिनिधियों ने योगदान दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि हरिभूमि अखबार सभी को समान रूप से अपने अखबार में जगह देती है और बिना भेदभाव के सभी खबरों को प्रकाशन करती है इसीलिए क्षेत्र में उनका एक अलग स्थान है। जनपद पंचायत की अतिरिक्त सीईओ आर के ध्रुव ने कहा कि शासन प्रशासन के योजनाओं को पहुंचने में हरिभूमि एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिसमें वह लगातार कार्य करती है। सेंट जॉन'स स्कूल के संचालक सेजू जैकब ने कहा कि लगातार स्कूल को सहयोग मिलता है जिससे पालक, बच्चों का उत्साह आवर्धन होता है, इंडियन पब्लिक स्कूल के संचालक प्रीतम साहू ने कहा कि अखबार में खबर प्रशासन के पश्चात संस्था को भी नए क्षेत्र एवं नया सोच के साथ काम करने का अवसर मिलता है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष वर्मा ने कहा कि विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों को लोगों तक पहुंचता है जिससे हमें अन्य गतिविधियों के संचालन में मदद मिलता है, पवन फ्यूल के संचालक पवन सिंहा ने कहा कि अखबार द्वारा लगातार क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को अवसर दिया जाता है इसलिए लोगों को यह अपना अखबार लगता है और लोगों को लोगों का काफी समर्थन मिलता है।

### अखबार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का काम करता है

इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य केसरी धुव ने कहा की क्षेत्र में उनकी संदेश को पहुंचाने के लिए यह अखबार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि समाज और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम करता है, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रिंकू सचदेवा ने कहा कि अखबार के माध्यम से नगर विकास सहित शासन की योजनाओं का जानकारी होती है जो लोगों को तक लगातार पहुंच रही है। नगर पंचायत के सभापति भोले शंकर जायसवाल ने कहा कि खबर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों को देखकर सुनने का अवसर मिलता है और उसको लेकर नई योजनाओं की में मदद मिलती है। फनेन्द्र साहू ओबीसी महासभा गरियाबंद, ग्राम पंचायत रानी परतेवा के सरपंच केसरी नेताम, समाजसेवी रूप सिंह साहू, शीतल धुव, पुनीत ठाकुर, हेमलाल नेताम, ओम ज्वेलर्स के संचालक उमेश कंसारी ,कचना धुरवा महाविद्यालय के प्राचार्य दिनेश साहू, तेजस्वी यादव, दीपक ट्रेडर्स के संचालक रविशंकर देवांगन, नेशनल प्राईड स्कूल के संचालक ललित साहू, एलटी कंस्ट्रक्शन के संचालक गोलू वर्मा सहित सभी ने हरीभूमि के भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

## महतारी वंदन योजना से महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

ग्राम पंचायत बेन्द्री मे महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को महिला बाल विकास अभनपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि छग सरकार के ऐतिहासिक फैसला महिलाओं को एक हजार रुपए महतारी वंदन के तहत प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा प्रदान किया जा रहा है। सरकार के इस फैसले से महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। समाज परिवार में सम्मान बढ़ा है, उनकी तरक्की सुनिश्चित हुई है। हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माताएं- बहने स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती है तो उन्हे महतारी शक्ति ऋण योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए तक ऋण उपलब्ध कराने का निर्णया लिया है। छग सरकार 70 लाख से अधिक माताओं व बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत लाभन्वित किया जा रहा है। यह माताओं के लिए बहुत बड़ा उपहार है। इस अवसर पर जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, रानी पटेल, मुकेश ढीढी, जपं.सदस्य सूरज साहू, एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार राम प्रसाद बघेल, जनपद सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय, सरपंच कौशल प्रसाद साहू, बिसौहा राम साहू, गोकूल साहू, नरेश धीवर, प्रहलाद पटेल, रमेश साहू, होरीलाल साहू, टुलु देवांगन सहित ग्रामवासी व बड़ी संख्या मे महिलाएं उपस्थित रही।

## 27 निर्माण कार्यों के लिए 1.80 करोड़ रुपए स्वीकृत



**गरियाबंद।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 27 निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 80 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत फिंगेष्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडकी नहर से रूपसिंग घर तक नाली निर्माण कार्य ग्राम फुलझर 5 लाख रुपए, ग्राम टेका में टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लफंदी गोंविद घर से प्रवीण घर तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बकली में टिन शेड निर्माण 8 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सेंदर में घना साहू घर से खिलावन घर तक सीसी रोड निर्माण एवं रवि शर्मा घर से उदय सतनामी घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सोनासिली में टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम पंचायत रवेली में गली कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बिनौरी में मुख्य मार्ग से शहदराम घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोमा में जैतखाम के पास टिन शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में पंचायत के पास टिन शेड निर्माण के लिए 14 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लफंदी में बाजार चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 12 लाख रुपए, ग्राम पंचायत रावड़ में लोकु घर से रंगमंच तक नाली सह गली कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत श्यामनगर में बाजार चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम पंचायत देवरी में सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बिजली में कोटवार घर से अजय पटेल घर तक एवं ग्राम मरवाडीह में दौवा घर से रेवा घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत देवगांव में हनुमान मंदिर के पास टिन शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पाली में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम पंचायत भेण्ड्री के वार्ड नंबर 10 में सामाजिक भवन छत ढलाई कार्य के लिए 5 लाख रुपए की 20 निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 26 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व फिंगेश्वर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है। गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरमोंहदा के ग्राम भिलाई में टिन शेड निर्माण के लिए 7 लाख रूपये एवं शीतला पारा में टिन शेड निर्माण के लिए 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कोकड़ी में बजरंग चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की 3 निर्माण कार्यो के लिए 25 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व गरियाबंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

## पेज 9 के शेष...

### ज्ञान व प्रतिबद्धताएं...

कि भारत जैसे अधिक जनसंख्या वाले देश में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार अति आवश्यक है। आज देश तेजी से औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रहा है। डिजिटलाइजेशन, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है, जिसे तकनीकी शिक्षा ही पूरा कर सकती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियों को ध्यान में रखकर आज देश के कई संस्थान कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान एवं शिक्षा समाज के लिए जरूरी है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम. अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामीण एवं आदिवासियों समाज के विकास में अग्रणी भूमिका यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के साथ ही निभाता आया है और आगे भी निभाता रहेगा।

### रेत का अवैध...

सीजी 07 सीएल 9025 चालक संजय गुप्ता निवासी पथरिया मालिक शोभाराम साहू निवासी भिलाई और हाईवा सीजी 04 क्युए 7233 चालक महेन्द्र सोनवानी निवासी पहंदा मालिक भरत लाल निवासी पहुंदा को जब्त कर थाना राजिम की अभिरक्षा में रखा गया है। सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक खनिज अधिकारी एफएल नागेश, नगर सैनिक राजेश भारद्वाज एवं लाकेश साहू, वाहन चालक नंद कुमार साहू, शामिल रहे।

## वार्षिक उत्सव में कॉलेज के छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति, किए गए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा अभनपुर में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक इन्द्रकुमार साहू, विशिष्ट अतिथि जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, सोमेश चन्द्र पाण्डेय, गातापार सरपंच बसंत कोसरे आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 600 विद्यार्थीगण सहभागी रहे। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने छात्रों की उत्कृष्ट प्रदर्शन की सहराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षण बस्तरिया नृत्य, सुवा नृत्य, राउत नाचा, पंथी नृत्य, नाटक एवं छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुती की सहराहना की। विधायक ने कहा कि इस कॉलेज में शिक्षा के साथ ही हमारी पारंपरिक संस्कृति को संजोने का काम किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके मिश्रा एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता एवं रचनात्मक स्पर्धाओ के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी छात्रों का सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋचिा शर्मा द्वारा किया गया। विधायक को कॉलेज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. रमन आज राजिम में



**राजिम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे राजिम सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। यहां विधायक रोहित साहू एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता डॉ. सिंह का स्वागत करेंगे। सर्किट हाऊस राजिम से 1:30 बजे ग्राम कौंदकेरा पहुंचकर लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 3 बजे कौंदकेरा से रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष आज देवगांव में

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंग का आगमन फिगेंश्वर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम देवगांव में 4 बजे आगमन होगा। समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के निवास में चल रहे भागवत कथा में शामिल होकर संध्या आरती में शामिल होंगे। उक्त जानकारी रूपसिंह साहू, रामाधार साहू ने दी।

### अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**राजिम।** राजिम मुख्यालय में 25 दिसंबर को सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव वर्चुवल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। यह जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर ने दी।

### सरपंच ने नाली एवं सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बोड़की सहित आश्रित ग्राम जोगी डीपा, फुलझर में नाली एंव सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। सरपंच रामजी साहू के प्रयास से फुलझर में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, 8 लाख रुपए साहू समाज बोडकी, 8 लाख रुपए जोगीडीपा में सीसी की स्वीकृति मिली थी। सरपंच ने कहा की ध्रुव समाज की मांग पर प्रस्तताव शासन को भेजा गया है जो शीध्र स्वीकृत होगें। इस मौके पर उपसरपंच नेतराम सिन्हा सिन्हा, सचिव गोवर्धन सेन पंचगण उपस्थित थे।

### सेंदर में सड़क कांक्रीटीकरण का किया गया भूमिपूजन



छुईहा बेलर। ग्राम पंचायत सेंदर में कांक्रीटीकरण सड़क का भूमि पूजन मंगलवार को किया गया। इस मौके पर सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य महेश ध्रुव, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, उमेश ध्रव, तुलस वर्मा, योगेश देवांगन, सुखचंद मोहन देवलरे, मोहन साहू, गोविंद, मोती, लिलेश्वर, राजकुमार घृतलहरें, भागवत उपस्थित थे।

### लक्षवीर देवादास बंजारे सम्मान से सम्मानित



**अभनपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में अभनपुर क्षेत्र के ग्राम मुंडरा (रवेली) निवासी लक्षवीर बांधे को राज्य अलंकरण सम्मान देवादास बंजारे सम्मान से सम्मानित किया गया है। श्री बांधे को यह सम्मान उनके गायन, उत्कृष्ट कलाकारी व पंथी क्षेत्र मे योगदान देने के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष केपी खाण्डे, महासचिव जेआर सोनी पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया एवं दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार मोहन नैमिसराय के सौजन्य से प्राप्त हुआ है। इस दौरान आई जी डॉ रतनलाल डांगी, अंजोर दास बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल, प्रकाश बांधे, खेदूराम बंजारे सहित अनेकों प्रबुद्धजन व सामाजिक जन उपस्थित रहे।

---

### विरोध : युवा कांग्रेस ने कहा- आंबेडकर का संसद में केंद्रीय गृहमंत्री ने किया अपमान

# मुख्यमंत्री आवास के घेराव में गरियाबंद जिले के सैकड़ों युवा कांग्रेसी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कथित विवादित बयान को लेकर छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संसद में किए गए अपमान को निंदनीय बताते हुए रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ने अमित शाह के बयान पर तीखा हमला करते हुए कहा की मनुस्मृति को मानने वाली भाजपा सरकार ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर पूरे देश के दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग का अपमान किया है। अमित शाह को अपने बयान के लिए न केवल माफी मांगनी चाहिए, बल्कि तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। श्री साहू ने भाजपा के एक वर्ष के शासनकाल को भी आड़े हाथों लिया।



उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश में अपराध, नशाखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। राजधानी रायपुर में गोलीबारी और महिलाओं की सुरक्षा में विफलता जैसी घटनाओं ने सरकार की नाकामी को उजागर कर दिया है। इस विरोध प्रदर्शन में विधानसभा क्षेत्र से भागीरथी साहू, माखन वर्मा, गुलशन यादव, लक्की मराठा, कमल साहू और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध और असुरक्षा की ओर धकेल दिया है।



युवा कांग्रेस ने इस आंदोलन के माध्यम से भाजपा सरकार और केंद्रीय नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गृहमंत्री माफी नहीं मांगते और इस्तीफा नहीं देते, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### बाबा आंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाली रैली



**मैनपुर।** केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भाव सिंह साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर जमकर नारेबाजी करते हुए देवभोग में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा की केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा सहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया है जिसके खिलाफ कांग्रेस द्वारा पूरे देश भर में आन्दोलन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिह साहू ने कहा की बाबा सहेब भीमराव अंबेडकार संविधान निर्माता है देश को दिशा देने वाले महापुरुष है उसका अपमान नहीं सहेगें। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, अमलीपदर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, ललिता यादव, अरूण सोनवानी, सानंदो ध्रुवा, अनामो बघेल, सोधर कश्यप, दुर्गाचरण अवस्थी, आशिष पाण्डेय, भविष्य प्रधान, इमनलाल साहू, महेश नागेश, मनोज नागेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### युवाओं को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने से पार्टी को मिलेगी उर्जा : हाजी मेमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी युवाओं के हाथों सौपने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। भाजपा समाज सेवा के लिए युवा पीढ़ी को जोड़ रही है भाजपा का एक मात्र मकसद चुनाव ही नहीं बल्कि समाज सेवा के भाव से यंग जनरेशन को संगठन में लाने का कार्य कर रही है इससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन में कार्य करने का अवसर मिलेगा। उक्त बाते भाजपा के वरिष्ठ नेता हाजी शब्बीर मेमन ने कही। मेमन ने आगे कहा की भाजपा सरकार में गरीबों के लिए हितकारी योजना लाकर उनके उत्थान किया जा रहा है आज पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। गरीबों को पक्के मकान अवास देने का कार्य भाजपा के नरेन्द्र मोदी और विष्णुदेव सरकार द्वारा किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना, माता बहनो के लिए वरदान साबित हुआ है। अध्यक्षों की नवनियुक्ति पर मेमन ने कहा की केन्द्रीय और राज्य संगठन के नेतृत्व के निर्देशानुसार इस बार मंडल अध्यक्षों के लिए उम्र सीमा तय कर युवाओं को मौका देना पार्टी के लिए हित में शाबित होगा। पार्टी और अधिक मजबूत होगी। ज्यादा से ज्यादा युवा भाजपा से जुड़ेंगे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। युवाओं को मंडल अध्यक्ष के पद देने से पार्टी को नई उर्जा व नई दिशा मिलेगी साथ में वरिष्ठजनों का मार्ग दर्शन रहेगा।



---

# फणिकेश्वर नाथ कॉलेज में वीर बाल दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

हरिभूमि.न्यूज.फिंगेश्वर। फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में राज्य शासन के निर्देषानुसार वीर बाल दिवस मनाया गया। दसवें सिक्ख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्र साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती श्वेता मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के दो वीर पुत्रें को वजीर खान ने धर्म परिवर्तन के लिए विभिन्न प्रकार से यातनाएं दी, फिर भी धर्म परिवर्तन नहीं करने पर उन्हें जिन्दा दीवारों में चुनवा दिया गया था। प्रो. तीरथ राम कपूर ने वीर बाल दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी सभा में साझा करते हुए कहा कि 26 दिसम्बर 1705 का दिवस भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिवस है जो हमें गुरु गोविन्द सिंह के वीर बहादुर पुत्रों के जुल्मों के खिलाफ अडिग रहकर शहीद हो जाने का स्मरण कराता है। तथा हमें शत्रुओं के आगे नहीं झुकने की सीख देता है। भाषण प्रतियोगिता का छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी मानषी सोनी ने अपने भाषण में मुगलों द्वारा हिन्दुओं के प्रति क्रूरता व अत्याचारों का वर्णन किया।




### सुशासन दिवस पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**छुरा।** स्थानीय कचना ध्रुवा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आरआर कुर्रे के दिशा निर्देशन में सुशासन दिवस पर जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय के छात्र खुमेश निर्मलकर, किरण ठाकुर, नूतन साहू व अजय ने बताया कि महाविद्यालय से जनपद पंचायत, मनरेगा कार्यालय, सदर बाजार, नगर पंचायत एवं साप्ताहिक बाजार परिसर पहुंच पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, साक्षरता एवं सरकार के योजनाओं की जानकारी बैनर, पोस्टर के साथ रैली निकाल कर दिया। सुशासन दिवस के अवसर पर कॉलेज छात्र छात्राओं के साथ समाज सेवी शीतल ध्रुव, कचना ध्रुवा महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी रेख राम कुर्रे, क्रीड़ा अधिकारी तरुण निर्मलकर, सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी निर्मला यादव, प्राध्यापक विनोद यादव, आरती साहू, पवन यादव रैली के साथ उपस्थित रहे।

### राज्यपाल का विधायक ने किया स्वागत ...



**राजिम।** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका का प्रथम आगमन मंगलवार को हुआ। यहां राजिम सर्किट हाऊस में राज्यपाल का विधायक रोहित साहू ने आत्मीय स्वागत किया। रेस्ट हाऊस में महेश यादव, किशोर देवांगन, कमल सिन्हा, रिकेश साहू, राजा पारख, किशोर साहू, आशीष साहू आदि मौजूद थे।

---

# अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य के प्रति सजग रहें : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सामाजिक भवन फिंगेश्वर में कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का आवश्यक कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम मंडलेश्वर ओम प्रकाश सिन्हा द्वारा अध्यक्षीय भाषण के साथ संबोधित किया गया। तत्पश्चात सचिव राजकुमार सिन्हा के द्वारा सभी बिंदुओं को क्रमशः समाज के पटल पर रखे गए जिसमें वार्षिक अधिवेशन की तिथि तय की गई। प्रस्तावित तिथि को ही वार्षिक आय व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नाकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले का रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण होगा। वहीं खोमन सिन्हा ने कहा की अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य के लिए भी सजग रहे।



बैठक में फिंगेश्वर परिक्षेत्र के मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा सिन्हा, ललित सिन्हा लचकेरा, लाकेश सिन्हा जामगांव, टिकेश सिन्हा पतोरी, बुधराम सिन्हा रोबा, उप कोष निरिक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा, नारद सिन्हा सलाहकार, डोमार सिन्हा गनियारी, शिवराम सिन्हा देवगांव, गुलाब सिन्हा गनियारी, हेमंत सिन्हा, ललित सिन्हा व फिंगेश्वर के साथ सभी पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही।

### राशनकार्ड नवीनीकरण 28 फरवरी 2025 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले मे अब तक कुल 2 लाख 13 हजार 208 राशनकार्ड प्रचलित हैं। जिसमें से कुल 6 लाख 55 हजार 955 सदस्य संख्या दर्ज हैं। जिले में प्रचलित राशनकार्डो का जहां ई-केवाईसी का कार्य प्रगति पर है। अब तक कुल 5 लाख 90 हजार लोगों का ई-केवाईसी किया जा चुका है। शेष 65,955 लोगों के ई-केवाईसी का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। जिसका डोर-टू-डोर ई-केवाईसी अपडेशन का कार्य प्रगति पर है। पुराने प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। अब तक 2,00,539 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है। खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरु ने बताया कि राज्य शासन ने राशनकार्ड की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक बढ़ा दी है। इसके पश्चात नवीनीकरण नहीं कराने वाले राशनकार्डों को डेटाबेस से विलोपित करने का कार्य किया जावेगा। अतः सभी राशनकार्डधारियों से अपील किया गया है कि वे शीघ्रता से अपना राशनकार्ड नवीनीकरण का कार्य पूर्ण कराएं। ताकि खाद्यान्न प्राप्त करने मे किसी भी प्रकार की असुविधा न हों।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

### ग्राम पौता में सुशासन दिवस आज

**अभनपुर।** नवा रायपुर स्थित ग्राम पौता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्मदिन अवसर पर सुशासन दिवस 25 दिसंबर को मनाया जायेगा। सरपंच गौरव शर्मा ने बताया कि विगत 5 वर्षो में गांव में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन एवं बर्जुगो, लाभार्थियो, युवा, स्कूली बच्चों व महिलाओं सहित सामाजिकजनों का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू, पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू, पूर्व जिपं. अध्यक्ष अशोक बजाज उपस्थित रहेगे।




---

# नारायण करुणा और प्रेम के हैं सागर : ऋषिकेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

पंडित ऋषिकेश तिवारी ग्राम रवेली भेण्ड्री वाले महाराज के कथा व्यास पीठ से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रूपसिंग साहू देवगांव निवास मेंचल रहा है आयोजन का शुभारंभ रविवार को कलशयात्रा, नवग्रहों तैंतीस कोटि देव की स्थापना, गौकर्ण कथा से हुई। दूसरे दिन शुकदेव आगमन, परीक्षित जन्म, वाराह अवतार तथा तीसरे दिन सती कथा, ध्रुव चरित्र जड़भरत का कथा वर्णित किया। व्यास पीठ से कथा के तृतीय दिवस की कथा में भक्तराज ध्रुव की कथा के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और दृढ़ संकल्प को विस्तार से समझाया। ध्रुव चरित्र के वर्णन में भक्ति की शक्ति अपार एंव ईश्वर की शरणागति से मिलता है शाश्वत सुख के संदर्भ में विस्तृत कथा सुनाई। आगे कहा प्रभु नारायण करूणा सागर है,प्रेम के सागर हैं, ज्ञान को सागर हैं। अतः हृदय में करूणा,प्रेम और ज्ञान की लहरें उठते ही बहते ही जीवात्मा को परम आनन्द की अनुभुति होती है। मन पवइउ हो जाने पर हमारी आत्मा आनन्द से भर उठती है। कथा अन्तराल में संगीतमय सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूमते नाचते नजर आ रहे थे। इस कथा दिवस में विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू पाण्डुका, हेमलता साहू, सालिक साहू, दूर्गा साहू, दुकलहीन साहू , राधा रहस साहू, राजा सिन्हा, हेमलाल नेताम, भानुप्रताप साहू, देव नारायण साहू, डाक्टर कुमार साहू, तरूण साहू, अंकुर पहाड़िया, भारत साहू लोकनाथ, रामाधार साहू, टिकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, मोती साहू, पारस साहू दुकलहीन साहू, राधा रहस साहू, राजा सिन्हा व हेमलाल नेताम उपस्थित थे।



Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मैनपुर कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**मैनपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन सुशासन का एक वर्ष विषय पर किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के साथ आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में आइक्यूएसी समन्वयक सनबरसन साहू ने शासन की जनहितकारी योजनाओं महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना पर सविस्तार जानकारी देते हुए बताया कि विष्णुदेव साय के शासन काल में सुशासन हर जगह देखने मिल रही है, जिससे जनमानस पर काफी अच्छा असर दिख रहा है। प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि विष्णुदेव सरकार द्वारा कृषि मजदूरों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये का भुगतान शामिल हैं। जिसमें 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना आवास विहीनों के लिए वरदान साबित हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक जयश्री वर्मा, गायत्री मरकाम, माधुरी साहू, संजय रामटेके ने तेन्दूपत्ता खरीदी की राशि बढ़ाये जाने, पीएससी घोटाले की सीबीआई से जॉच कराने, व्यापम व पीएससी की भर्तियों में पारदर्शिता व रामलला दर्शन योजना आदि के संबंध में सविस्तार जानकारी दी गई।


**कार्यक्रम :** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती मनाई गई

# गुरु घासीदास ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को तरीघाट के बाबा गुरुघासी दास चौक में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। विधायक का सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों ने आतिशबाजी करते हुए पंथी नर्तक दल के साथ भव्य स्वागत वंदन किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा गुरुघासीदास मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सन 1756 में गुरु घासीदास बाबा ने गिरौदपुरी में जन्म लेकर समाज को रास्ता दिखाया है तथा सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलने का प्रेरणा दिया, जो मानव जीवन के लिए वरदान से कम नही है। हम सबको बाबा जी के बताए हुए रास्ता में चलकर समाज का विकास करना है। जब बाबा जी ने जन्म लिया तब समाज में तरह-तरह की कुरीतियां मौजूद थी। उन्होंने न सिर्फ सतनामी समाज बल्कि हर समाज के लोगों को बराबर का दर्जा देते हुए मनखे -मनखे एक समान कहा। उनके विचार, उपदेश, वाणी सबके लिए उपयोगी है उनके विचारों को अपने जीवन में धारण कर इस मुकाम पर पहुंच पाया हूं जो गुरु घासीदास बाबा के आशीर्वाद से सम्भव हो पाया। सतनामी समाज तरीघाट की मांग पर विधायक रोहित साहू ने गुरुघासीदास चौक में शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम के शासकीय हाईस्कूल के उन्नयन हायर सेकंडरी स्कूल के रूप में हुआ है जिसके भवन निर्माण के लिए एक करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत कराने की जानकारी दी। साथ ही महिला मंडल भवन, सीसी रोड कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने का भरोसा ग्रामवासियों को दिया। वहीं अध्यक्षता तहसील परिक्षेत्र राजिम सतनामी समाज के संरक्षक एवं पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर डॉ. आनंद मतावले गुरुजी ने की। विशेष अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, जनपद सदस्य मालती साहू, राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरुस्कृत शिक्षक भागचंद, सरपंच जया, डॉ. कोमल साहू, तहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज के अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, सहदेव बंजारे, विष्णुराम जांगड़े, सतनामी समाज तरीघाट के अध्यक्ष रघुनाथ मुन्ना चतुर्वेदी, संतु सोनवानी, नथेलु राम आण्डे, बाबूलाल मार्कण्डे, डोमार सोनवानी, किशन मतावले, चिमन वर्मा, मुकेश वर्मा, लाला साहू, रोशन साहू, पुरंदर वर्मा,शिक्षक महेंद्र साहू उपस्थित थे।





### मानव समाज के कल्याण के लिए करता है कार्य

डॉ. आनंद मतवाले ने बाबा गुरु घासीदास के बताए सत्य अहिंसा के मार्ग में चलकर समाज उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने प्रेरित किया और कहा कि संत, महापुरुष कोई समाज विशेष का नहीं होता वो तो मानव समाज के कल्याण के लिए कार्य करता है। आजादी के पहले हमारा संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर जी बचपन में बहुत ज्यादा दुख और तकलीफ सहे थे उन्हें मालूम था कि अनुसूचित जाति के लोगों के विकास को रोके जाते हैं। जब संविधान बना तो समानता का अधिकार, शिक्षा के अधिकार, रोजगार के अधिकार, राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का अधिकार और अभिव्यक्ति के अधिकार संविधान के माध्यम से मिला है।

### बाबा के बताए मार्ग पर चलें

चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हम सभी समाज को मिलकर एक साथ गुरु घासीदास बाबा के जयंती मनाना चाहिए ताकि हम सब समरसता के साथ बाबा जी के द्वारा बताए सात सिद्धांतो को अपने आचरण में अपनाकर सत के रास्ता में चले। उन्होंने युवा वर्ग को आहवान किया कि नशा मुक्त होकर हमारा घर परिवार समाज को आगे बढ़ाए यही मेरा शुभकामना है। संचालन शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का समाज द्वारा स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेटकर सम्मान किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भंडारी खोमल आण्डेय ,तुलस टण्डन, नवीन ओगरे, आदो राम, थानूराम, विजय मतावले, ओकेश मार्कण्डेय, ओमकार मार्कण्डेय, विनोद आण्डेय, गणेश रात्रे, लोकनाथ, कामता प्रसादआण्डेय, विष्णुराम, गुलाब आण्डेय, पुनित, राजेश, नेतराम, मुरलीचंद उत्तम चतुर्वेदी, गोविंद चतुर्वेदी, मोतीलाल प्रीतम, टीकम, विकास, मोहनलाल, भूपेंद्र, भारत, हेमंत चतुर्वेदी, नारायण रात्रे, ओंकार, भोला, निखिल, शैलेश्वर आण्डेय, लालजी, कृष्ण वर्मा, भीषलाल साहू, रामचरण साहू, अनुराधा ओगरे, ढुकाला आण्डेय, मुनिया सोनवानी, जमुना आण्डेय, कस्तूरा बाई, रामहीन चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण धैर्य : रोशन



**गरियाबंद।** मानस परिवार के सानिध्य में त्रिदिवसीय मानस संगोष्ठी पथिक परब श्री राम कथा के समापन दिवस पर ग्राम चरौदा में अतिथि के रूप में हरिश साहू जनता जोगी कांग्रेस अध्यक्ष व रोशन लाल साहू सामाजिक कार्यकर्ता व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ पहुंचकर जनमानस को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हरीश साहू ने अपने कहा कि राम कथा को सुनकर अपने जीवन में उतारकर कृतार्थ करने की आवश्यकता है। रोशन ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण धैर्य होता है, मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ ऊपर पैसे को लेकर नही जाता बल्कि अपने कर्म को लेकर जाता है। सभी श्रोताजन एक स्नेह और प्रेम की भावना से अपना जीवन व्यतीत करें। आगे साहू ने कहा कि भगवान का सुमिरन कैसे भी करो उसका फल अवश्य मिलता है। कार्यक्रम के आयोजक युगल किशोर सिन्हा भागीरथी सिन्हा, मुन्ना चतुर्वेदी सतनामी समाज के अध्यक्ष, हरिशंकर साहू, अजय निर्मलकर, मातृशक्ति व समस्त ग्रामवासी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## राज्यपाल रामेन डेका का राजिम में हुआ स्वागत ...



**राजिम।** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका मंगलवार सुबह राजिम पहुंचे। यहां राजिम सर्किट हाऊस में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने राज्यपाल डेका का बुके भेंट कर स्वागत किया। श्री देवांगन ने राज्यपाल डेका से अभनपुर क्षेत्र की जनता के हित में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद श्री देवांगन ने बताया कि राज्यपाल डेका बहुत ही सरल और सभ्य व्यक्तित्व के धनी हैं। समय-समय पर राजभवन पहुंचकर उनसे मुलाकात कर जनहित के कार्यों के लिए आशीर्वाद लेते रहते हैं। हमेशा की तरह आज भी उनका स्नेह पाकर मन प्रसन्न हो गया। रेस्ट हाऊस में राजिम विधायक रोहित साहू भी मौजूद थे उन्होने महामहिम राज्यपाल का बुके भेंट कर स्वागत किया।

## रामानुजन की स्मृति में जिलास्तरीय गणित कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत एवं जिला सहायक परियोजना अधिकारी बुद्धि विलास सिंह के निर्देशानुसार जिलास्तरीय गणित कार्यशाला का आयोजन प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के गणित व्याख्याता ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में भागीरथी सोनी सहायक अध्यापक गरियाबंद, रोहित साहू सहायक अध्यापक गरियाबंद एवं उधम सिंह रामगढ़िया पूर्व प्राचार्य ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रस्तुत कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती मां की पूजा और रामानुजन के पूरे फोटो पर माल्यार्पण करके शुरू किया गया। इसमें उद्बोधन प्राचार्य वंदना पांडे ने अपने विचार व्यक्त किये, उन्होंने गणित के व्याख्याता को इस कार्यक्रम का आयोजन के लिए और इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भागीरथी सोनी ने कहा कि गणित के महत्व, गणित विषय के पढ़ाई से किस क्षेत्र में बच्चे में अपने भविष्य बना सकते हैं। इस पर विचार व्यक्त किया गया। वहीं रोहित साहू गणित विषय के डर को बच्चों में कैसे दूर करे इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किया। उधम सिंह रामगढ़िया ने गणित एक चुनौती के विषय को लेकर अलग अलग ब्लॉक से आये शिक्षकों के विचार सुने। छुरा से चन्द्र कुमार साहू, फिंगेश्वर से दीप्ती श्रीवास्तव, गरियाबंद से रमालक्ष्मी साहू, चन्द्रवती सिन्हा, विजयमणि वर्मा ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम के नोडल आईपी साहू, ज्ञानेंद्र शर्मा, आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप यादव, केशव कौशिक, जितेंद्र साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप यादव ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय तिवारी, तुकेश ध्रुव, हेमंत तिवारी, आभा साहू,चंद्रशेखर साहू, प्रवीना कामत,हरिराम गायकवाड मौजूद रहे इस गणित कार्यशाला में आगामी आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार किया गया जिसमें क्विज प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता,शिक्षक व्याख्यान के आयोजन के विषय में सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।






## धन मनुष्य का भटकाता है रास्ता : पंडित रत्नेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागाँव (कोरासी )

छुरा जनपद के ग्राम रानीपरतेवा में यादव परिवार के तत्वावधान में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की चतुर्थ दिवस कथा वाचक पं. रत्नेश राम मिलन पांडेय ने प्रहलाद चरित्र और गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाया। कहा कि मनुष्य को कर्म सही रखने चाहिए। धन मनुष्य का रास्ता भटकाता है। परिवार के साथ समय गुजारना ही अमीरी है। जहां श्रीमद् भागवत कथा होती है, वह स्थान कलयुग से मुक्त होता है। पराई स्त्री नर्क का द्वारा होती है। मनुष्य को इससे बचना चाहिये। भगवताचार्य ने भक्त प्रहलाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकीम ईश्वर के प्रति अटूट भक्ति और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि कैसे प्रहलाद ने भगवान विष्णु की कृपा से हर संकट का सामना किया। और पूरी मानवता को भक्ति और धर्म के महत्व का संदेश दिया। इसके बाद गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने समझाया कि जब गजेंद्र ने भगवान विष्णु का सच्चे हृदय से आह्वान किया, तो भगवान ने स्वयं प्रकट होकर उसे संकट से मुक्त किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि सच्चे श्रद्धालुओं की पुकार पर भगवान सदैव उनकी रक्षा के लिए आते हैं। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जो कथा के दौरान भाव-विभोर होकर भगवान की भक्ति में लीन हो गए। श्रद्धालुजन महाराज के भजनों पर थिरकते नजर आए ।बताये की रानीपरतेवा के सेवानिवृत्त बिजली मिस्त्री खंम्हणन लाल यादव ने अपने पूर्वजों की स्मृति में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है।संगीतमयी श्रीमदभगवत कथा सुनने ग्राम एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपडथित रहे।

■ धार्मिक कार्यों के आयोजन से समाज में सद्भावना आती है : शुक्ल

## फिंगेश्वर में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हाईस्कूल मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में आसपास के जिलों से क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच साबित हो रहे हैं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जगदीश यादव नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में स्व. लोकेश यादव एवं स्व. पुष्पेन्द्र श्रीवास के छाया चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा की सफलता के लिए कोई शार्टकट नहीं होता इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। फिंगेश्वर शुरू से ही खेल का गढ़ रहा है। इस नगर से कई राष्ट्रीय खिलाड़ी हुए हैं जो इस नगर का नाम रोशन कर अपना एवं परिवार का नाम किया। कड़ी मेहनत ही सफलता का सुत्र हैं। मनीष हरित ने कहा की जिसके याद में यह प्रतियोगिता कराया जा रहा है वे दोनों अपने समय के लोकेश यादव और पुष्पेन्द्र श्रीवास बहु प्रतिभा के धनी रहे हैं। उनके स्मृति मे इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है मै चाहता हूं खिलाडी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता श्रीवास पार्षद, राजू साहू, भरत बंगानी बंगानी होण्डा फिंगेश्वर, करीम खां पूर्व पार्षद, मुकेश साहू के अलावा आयोजक समिति छक्कू यादव, दीपक सेन, लाला चक्रधारी के अलावा काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन थानू निषाद ने किया।













